भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2610
उत्तर देने की तारीख: 16.12.2025

विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू जनजातियों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए योजना

2610. सुश्री प्रणिती सुशीलकुमार शिंदे:
एडवोकेट गोवाल कागडा पाडवी:
श्री विशालदादा प्रकाशबापू पाटील:

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने महाराष्ट्र में विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू जनजातियों के आर्थिक सशक्तिकरण की योजना (एसईईडी) के कार्यान्वयन की समीक्षा की है;
(ख) यदि हां, तो अब तक की गई समीक्षा का ब्यौरा क्या है तथा उक्त समीक्षाओं के क्या परिणाम रहे हैं;
(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान, विशेषकर महाराष्ट्र में, विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू जनजातियों (डीएनटी) से जुड़े लोगों के लिए एसईईडी योजना के अंतर्गत वितरित किए गए आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा कार्ड, कामगार कल्याण स्मार्ट कार्ड, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्थापित कोचिंग केन्द्रों और स्वास्थ्य बीमा की संख्या का ब्यौरा क्या है;
(घ) एसईईडी योजना के अंतर्गत उक्त समीक्षा के लिए महाराष्ट्र में शामिल जिलों के नामों का ब्यौरा क्या है;
(ङ) महाराष्ट्र में एसईईडी के अंतर्गत छूटे हुए पात्र जिलों अथवा डीएनटी/एनटी परिवारों के आंकड़ों का ब्यौरा क्या है; और
(च) विशेषकर डीएनटी/एनटी के लिए आवेदन पंजीकरण और शिकायत निवारण हेतु उपलब्ध तंत्र का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
(श्री बी.एल. वर्मा)

(क): जी, हां।

(ख) और (ग): विभाग महाराष्ट्र में डीएनटी के आर्थिक सशक्तिकरण की योजना (सीड) के कार्यान्वयन की समीक्षा करता है। विभाग स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के गठन, आजीविका गतिविधियों, स्वास्थ्य बीमा नामांकन और नि:शुल्क कोचिंग पहल की नियमित

निगरानी के माध्यम से समीक्षा करता है। महाराष्ट्र में की गई समीक्षा के प्रमुख परिणाम इस प्रकार हैं:

(i) 9,312 लाभार्थियों को कवर करते हुए 776 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है।

(ii) 22,952 आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा कार्ड जारी किए गए हैं।

(iii) कई जिलों में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए 12वीं कक्षा के स्तर पर 2024-25 में 212 छात्रों और 2025-26 में 898 छात्रों को नि:शुल्क कोचिंग सहायता प्रदान की गई है। सीड योजना के अंतर्गत कामगार कल्याण स्मार्ट कार्ड जारी करने अथवा कोचिंग सेंटर स्थापित करने का कोई प्रावधान नहीं है। योजना के तहत स्वास्थ्य घटक और कोचिंग घटक को 2024-25 से शुरू किया गया है।

(घ): महाराष्ट्र में सीड आजीविका और नि:शुल्क कोचिंग के अंतर्गत कवर किए गए जिलों का ब्यौरा **संलग्नक-I** में दिया गया है। सीड के स्वास्थ्य घटक के तहत, सभी जिलों को कवर किया गया है, जिसमें डीएनटी समुदाय के लाभार्थियों के लिए 22,952 कार्ड जारी किए गए हैं।

(ङ): इस योजना में वर्तमान में आजीविका घटक के अंतर्गत महाराष्ट्र के 16 जिले, नि:शुल्क कोचिंग के माध्यम से शैक्षिक सशक्तिकरण के अंतर्गत 30 जिले शामिल हैं जैसा कि **संलग्नक-I** में दर्शाया गया है और आयुष्मान कार्ड जारी करने के लिए 36 जिले शामिल हैं।

(च): स्वास्थ्य बीमा लाभ प्राप्त करने के लिए आयुष्मान कार्ड जारी करने और एसएचजी के गठन द्वारा आजीविका पहल के लिए साझेदार गैर-सरकारी संगठनों के माध्यम से आवेदन पंजीकरण के लिए लाभार्थियों को जुटाया जाता है। नि:शुल्क कोचिंग के लिए ऑनलाइन पोर्टल-सीपी-ग्राम के माध्यम से एक शिकायत निवारण तंत्र उपलब्ध है।

संलग्नक-I

महाराष्ट्र राज्य में सीड का कार्यान्वयन

सीड योजना (आजीविका घटक के संदर्भ में) महाराष्ट्र के 16 जिलों में लागू की गई है:

आजीविका:

क्र.सं.	जिला	गठित एसएचजी	कवर किए गए एसएचजी लाभार्थी
1.	औरंगाबाद	50	600
2.	जालना	50	600
3.	बीड	50	600
4.	अहमदनगर	50	600
5.	उस्मानाबाद	50	600
6.	परभणी	50	600
7.	लातूर	50	600
8.	सोलापुर	50	600
9.	पुणे	33	396
10.	बुलढाणा	33	396
11.	हिंगोली	59	708
12.	नांदेड़	84	1008
13.	अमरावती	51	612
14.	यवतमाल	66	792
15.	वाशिम	26	312
16.	वर्धा	24	288
	16	**776**	**9312**

सीड योजना (नि:शुल्क कोचिंग घटक के संदर्भ में) महाराष्ट्र के 30 जिलों में लागू की गई है:

नि:शुल्क कोचिंग:

क्र.सं.	महाराष्ट्र	2024-25	2025-26
1.	अहमदनगर	7	18
2.	अकोला	-	1
3.	अमरावती	-	3
4.	औरंगाबाद	4	28
5.	बीड	26	119
6.	बुलढाणा	2	38
7.	धुले	1	-
8.	गढ़चिरौली	2	-
9.	हिंगोली	-	20
10.	जलगांव	-	1
11.	जालना	-	17
12.	कोल्हापुर	3	110
13.	लातूर	-	45
14.	मुंबई शहर	4	5
15.	मुंबई उपनगरीय	-	8
16.	नागपुर	1	2
17.	नांदेड़	2	2
18.	नंदुरबार	-	3
19.	नासिक	2	5
20.	उस्मानाबाद	1	18
21.	परभणी	11	12
22.	पुणे	9	3
23.	रायगढ़	44	47
24.	रत्नागिरी	2	-
25.	सांगली	60	72
26.	सतारा	17	73
27.	सोलापुर	9	92
28.	ठाणे	4	65
29.	वाशिम	-	52
30.	यवतमाल	1	14
	कुल	**212**	**898**

*****